आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 12 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- एनआईए को सौंपी गयी दिल्ली में हुए विस्फोट की जांच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बख्शे नहीं जायेंगे विस्फोट के षड्यंत्रकारी।
- दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद से पूरे प्रदेश में जारी है हाई अलर्ट। चलाया जा रहा है सघन चेकिंग अभियान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में एक हजार सात सौ चौंतीस करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– बाराबंकी में भी विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र।
- प्रदेश में एक दिसम्बर से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना। पूरा बकाया जमा करने पर सर चार्ज में सौ प्रतिशत के साथ ही मूलधन में भी पचीस प्रतिशत की मिलेगी छूट।

**********

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट की जाँच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए को सौंप दी है। गृह मंत्री अमित शाह ने फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए नमूनों का मिलान करने और विस्फोट की विस्तृत जानकारी जल्द से जल्द देने का निर्देश दिया है। एजेंसी को विस्फोट वाली कार में मौजूद शवों से एकत्र किए गए नमूनों का मिलान करने को भी कहा गया है। एनआईए को मामले की जाँच करके जल्द से जल्द रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दिल्ली कार विस्फोट के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। जाँच एजेंसियाँ मामले की तह तक जाएँगी और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान के थिम्पू में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा–

***दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुःख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ, संपर्क में था। विचार–विमर्श चलता था जानकारियों के तार जोडे जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकाारियों को बख्शा नहीं जाएगा।***

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दिल्ली कार विस्फोट की घटना में शामिल सभी लोगों को जांच एजेंसियों की कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। गृह मंत्री ने कल नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दो उच्च–स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को विस्फोट की घटना के हर एक दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया है कि दिल्ली कार विस्फोट के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कल नई दिल्ली में दिल्ली रक्षा संवाद में उन्होंने कहा कि जांच के निष्कर्ष जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे।

**********

राजधानी दिल्ली में हुए धमाके के बाद से पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी है। धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर चेकिंग चल रही है। एक रिपोर्ट–

***हादसे में दो अमरोहा, एक मेरठ, एक श्रावस्ती, और एक शामली के एक युवक की मौत हुई है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सभी जिलों में सघन चेकिंग के निर्देश दिए। श्री योगी ने अधिकारियों को फील्ड में रहने और संवेदनशील तथा भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों और धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने को कहा है। इस दौरान प्रदेश की सीमाओं खासकर नेपाल सीमा से जुड़े ज़िलों में मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुशील तिवारी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बाराबंकी में एक हजार सात सौ चौंतीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का दिग्दर्शन कराने वाला वर्ष है, जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती और राष्ट्रगीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसानों को ध्यान में रखते हुए सरकार जल्द ही रामसनेही घाट के पास दो सौ बत्तीस एकड़ क्षेत्रफल में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेगी। साथ ही हैदरगढ़ में दो सौ बीस हेक्टेयर में इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का निर्माण भी कराएगी।

***यहां का औद्योगिक विकास शो इसीलिए हम लोगों ने राम सनेही घाट के पास ग्राम कंदही में यहां पर 232 एकड़ क्षेत्रफल में एक औद्योगिक क्षेत्र के विकास का कार्य हम लोग करने जा रहे हैं। बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया यहां पर हम लोग करने जा रहे हैं। इसके साथ ही तहसील हैदरगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निकट 220 हेक्टेयर में हम लोग एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विकास का कार्य वहां पर और तेजी के साथ आगे बढ़ाने जा रहे हैं।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन धाम में मां पाटेश्वरी का दर्शन–पूजन किया।

**********

प्रदेश सरकार एक दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत कभी बिजली बिल नहीं जमा करने वाले उपभोक्ता और लम्बे समय से बिल नहीं देने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता यदि एक बार में पूरा बिजली बिल बकाया जमा करते हैं तो उन्हें बकाये पर सर चार्ज में सौ प्रतिशत की छूट के साथ ही मूलधन में भी पचीस प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट तीन चरणों में दी जायेगी। प्रथम चरण एक से इकतीस दिसम्बर दो हजार पचीस तक में पंजीकरण कराने पर मूलधन में पचीस प्रतिशत, द्वितीय चरण एक से इकतीस जनवरी दो हजार छब्बीस तक में पंजीकरण पर बीस प्रतिशत और तृतीय चरण एक से अट्ठाइस फरवरी दो हजार छब्बीस तक में पंजीकरण पर पन्द्रह प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह योजना दो किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं और एक किलोवाट तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर लागू होगी। बिजली चोरी से सम्बन्धित मामलों में भी राजस्व निर्धारण धनराशि पर भी छूट देने का प्राविधान किया गया है। इससे उन उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी जो तकनीकी अथवा मीटर सम्बन्धी त्रुटियों के कारण बिजली चोरी के विवादों में फसें हैं। समाचार कक्ष से अरूण।***

**********

देश, राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। एक रिपोर्ट–

***15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्रता के लिए जागा, तो प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने संसद में आधी रात को वंदे मातरम का पूरा संस्करण गाया। सरदार वल्लभभाई पटेल के कहने पर, उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति नव स्वतंत्र भारत की पहली संगीतमय धड़कन बनी। प्रस्तुति को रिकॉर्ड किया गया और अगली सुबह 6.30 बजे आकाशवाणी से प्रसारित किया गया। वर्षों से, वंदे मातरम एक शाश्वत गीत के रूप में विकसित हुआ जो मातृभूमि के प्रति एकता, गौरव और प्रेम की प्रेरणा देता रहता है। शिवांग और सौम्या की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।***

**********

नये जीएसटी सुधार के बाद विभिन्न वर्गों के लिए रोज़मर्रा की वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। आज आपको जानकारी दे रहे हैं नई जीएसटी दरों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में हुए परिवर्तन के बारे में। एक रिपोर्ट–

***नए जीएसटी सुधार विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की लागत कम करके आम आदमी को बड़ी राहत प्रदान कर रहे हैं। संशोधित करढांचे के अंतर्गत एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और टेलिविजन पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर टैक्स 18 प्रतिशत कर दिया गया है। आदर्श के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

वर्ष दो हजार छब्बीस की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा की समय–सारणी में इंटरमीडिएट संस्कृत और अंग्रेजी विषय की परीक्षा एक ही दिन में होने की वजह से यूपी बोर्ड ने समय–सारणी में बदलाव किया है। अब अंग्रेजी की परीक्षा तो तय तिथि बीस फरवरी को दूसरी पाली में ही होगी लेकिन संस्कृत की परीक्षा बीस फरवरी की बजाय बारह मार्च को दूसरी पाली में करायी जायेगी।

**********